


नवभारत

सतना, रविवार, 19 अप्रैल 2026




# बड़ागांव पंचायत में जर्जर सड़क के नाम पर राशि निकालने का आरोप

## शासकीय राशि का दुरूपयोग, बूंद-बूंद पानी के लिये तरस रहे पंचायत के लोग

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 अप्रैल, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव एक बार फिर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में है. आरोप है कि सरपंच द्वारा पूर्व में निर्मित गुणवत्ता विहीन सड़क, जो कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई थी, उसी के नाम पर बची हुई राशि को दोबारा निकाला गया है. लेकिन न तो सड़क की मरम्मत हुई और न ही धन का सही उपयोग.**

ग्रामीणों के अनुसार सिलचट टोला में बनाई गई सड़क पहले ही भ्रष्टाचार का उदाहरण बन चुकी थी. सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद उसकी हालत खराब हो गई थी. इस पर तत्कालीन




जनपद सीईओ संजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया था और सड़क को गुणवत्ता विहीन करार दिया था. उन्होंने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए थे. जांच रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर को सौंपी गई, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर लगातार अनियमितताएं और शासकीय राशि का दुरुपयोग हुआ है. जानकारी के मुताबिक, करीब 28 दिन पहले उसी सड़क के नाम पर बची हुई राशि फिर से निकाल ली गई. लेकिन हैरानी की बात यह है कि न तो सड़क की मरम्मत कराई गई और न ही कहीं कार्य होता दिख रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा खरीदे गए समरसेबल पंपों का उपयोग आम जनता के बजाय सरपंच के करीबी लोगों के निजी हित में किया जा रहा है. सिलचट टोला जैसे इलाकों में हालात यह हैं कि गर्मी शुरू होते ही कुएं सूख जाते हैं और लोगों को 2-3 किलोमीटर दूर साइकिल से पानी लाना पड़ता है. पूरे मामले की अगर जांच कराई जाय तो एक बड़ा भ्रष्टाचार ग्राम पंचायत का उजागर हो सकता है.

### ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों ने प्रभारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान सीईओ प्राची चतुर्वेदी से मांग की है कि वे केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित न रहें, बल्कि बड़ागांव पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहराई से जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें. बड़ागांव पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर बार-बार सामने आ रहे भ्रष्टाचार के आरोप प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं.

# तापमान बढ़ने के साथ मऊगंज में स्कूलों के समय में परिवर्तन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 अप्रैल, जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच स्कूलो का समय बदला गया है. तापमान इस समय 41 डिग्री के ऊपर पहुंच चुका है. सुबह से तेज धूप रहती है दोपहर सड़को पर सन्नाटा होता है. तपन बढ़ती जा रही है.**

मऊगंज जिले में तापमान में वृद्धि को देखते हुए कलेक्टर संजय कुमार जैन ने स्कूलों के संचालन समय में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन करने का आदेश जारी किया है. जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित होने वाले समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक नियत किया गया है. शिक्षक और अन्य कर्मचारी दोपहर 1.30 बजे तक उपस्थित रहकर अपने आवश्यक विद्यालयीन कार्यों को पूर्ण करेंगे. शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षाएं तथा अन्य कार्यक्रम अपनी पूर्व घोषित समय सारिणी के अनुसार ही संचालित किए जाएंगे. आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं.

### मऊगंज में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन आज

मऊगंज, 18 अप्रैल, मऊगंज में शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह सम्मेलन 19 अप्रैल को दोपहर 12 .30 बजे से आयोजित किया गया है. सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे तथा अध्यक्षता विधायक देवतालाब गिरीश गौतम करेंगे. सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र, जनपद अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती नीलम सिंह, जनपद अध्यक्ष हनुमना गोविंद नारायण तिवारी, जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी श्रीमती ममता तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष मऊगंज बृजवासी पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष हनुमना आशुतोष गुप्ता तथा अध्यक्ष नगर परिषद नईगढ़ी श्रीमती नागिता गुप्ता शामिल होंगी. सम्मेलन जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है.

# धर्मशाला मार्ग में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 18 अप्रैल, मऊगंज जिले के हनुमना नगर परिषद वार्ड क्रमांक 9 स्वामी माधवाचार्यजी की तपस्थली रामलीला मैदान स्थित धर्मशाला प्रांगण में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों में हनुमना नगर के स्थानीय दुकानदार एवं ठेले वालों के कारण मार्ग में अतिक्रमण कर लिए जाने से सभी मार्ग संकरा हो चुके हैं.**

जिससे वाहन चालकों एवं स्थानीय दुकानदार से प्रतिदिन बाद विवाद होते रहना आम बात हो गई है. किसी न किसी दिन विवाद खूनी संघर्ष का कारण भी बन सकता है जिस समस्या को समाचार के माध्यम से तथा कई बार स्थानीय एवं जिला के आला अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से भी समस्या अवगत कराया गया. परंतु अभी तक अतिक्रमण के ऊपर कभी भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ऐसा लग रहा है कि शासन और प्रशासन राजनैतिक दबाव के चलते अपने कार्य में पारदर्शिता नहीं ला पा रहा है. जिसके चलते अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद है.

वाहन कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता पूर्व नगर उपाध्यक्ष भरत लाल गुप्ता उपाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता समाजसेवी रितेश केसरी अमन गुप्ता पंकज गुप्ता के साथ आज नगरी एवं ग्रामीण लोगों ने जिला अधिकारी मऊगंज मुख्य नगर पालिका अधिकारी हनुमना से यह मांग है कि अगर अतिक्रमण पर कार्यवाही नहीं की गई तो किसी दिन बात विवाद की समस्या खूनी संघर्ष में विपरीत हो जाएगा तब शासन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण में कार्यवाही होगी.

# सड़क के किनारों की पटरी धंसी, हादसों का बढ़ा ग्राफ

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 अप्रैल, गुढ़ नगर परिषद नगर के अन्दर से गुजरने वाली ने. हा. 75- 4 कि.मी. नव निर्मित आर सी सी नेशनल हाईवे-75 पर हाल ही में बनी सड़क अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है.**

सड़क निर्माण को ज्यादा समय भी नहीं बीता है, लेकिन किनारों की पटरी बस स्टैण्ड से लेकर सीमा कर नाका तक बिछाए गए बाल पेपर कई जगहों पर नीचे धंस गई है. इस कारण सड़क और पटरी के बीच लगभग एक-एक फीट का फासला बन गया है, जो खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है. आए दिन बाइक और स्कूटी सवार इस दरार में फंसकर गिर रहे हैं, जिससे उन्हें चोटें आ रही हैं और वाहनों को भी नुकसान हो रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसकी वजह से इतनी जल्दी यह स्थिति बन गई. लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द बाल पेपर को उखड़वाने व मरम्मत कराने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है.



जनगणना प्रशिक्षण में गोपनीयता की शपथ लेते हुए कर्मचारी

# गुढ़ के वार्ड-12 में सड़क पर डम्प बालू से बढ़ी परेशानी

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 अप्रैल, गुढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 12 में इन दिनों अवैध अतिक्रमण की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है.**

हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका के समीप ही सड़क पर बालू गिराकर कब्जा किया गया है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं.स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर बालू डंप किए जाने से



आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है. राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है. नागरिकों का कहना है कि कई बार इस मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. इससे साफ जाहिर होता है कि नियमों की अनदेखी हो रही है और जिम्मेदार विभाग उदासीन बना हुआ है. लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाकर सड़क को सुचारु बनाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके.

# कलेक्टर ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए की सहयोग की अपील

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 18 अप्रैल, अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों की रोकथाम के लिए मऊगंज जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है.**

आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर होने वाले आयोजनों पर प्रशासन की पैनी नजर है और बाल विवाह की पहचान कर उसे रोकने के लिए पूरी तरह अलर्ट पर है. कानूनन 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि एक अपराध है. बाल विवाह जैसी गंभीर कुरीति को दूर करने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू है, जिसके अंतर्गत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना या प्रोत्साहन देना गैरकानूनी है.

इस कानून के उल्लंघन पर दोषियों को 2 वर्ष तक का सश्रम कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं का प्रावधान है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, धर्मगुरुओं, गैर-सरकारी संगठनों और विवाह से जुड़े विभिन्न घटकों जैसे विवाह घर संचालकों, बैंडदल, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई और केटरर्स से अपील की है कि वे बाल विवाह न होने देने को प्राथमिकता दें. बाल विवाह को रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है. बाल विवाह की सूचना मोबाइल नंबर 8982180928 तथा 9224660441 पर दें.

# गुढ़ में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

## प्रथम बैच का प्रशिक्षण 15 से 17 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 अप्रैल, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रथम बैच का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया.**

यह कार्यक्रम एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी के उद्बोधन से हुआ. उन्होंने जनगणना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह देश की विकास योजनाओं का आधार है. प्रशिक्षणार्थियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर तहसीलदार अरुण यादव एवं नायब तहसीलदार श्रीमती महिमा पाठक ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया. उन्होंने जनगणना कार्य की संवेदनशीलता, गोपनीयता और सटीकता पर विशेष बल देते हुए सभी को निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी. कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना कार्य को सत्यनिष्ठा एवं गोपनीयता के साथ पूर्ण करने की शपथ दिलाई गई. प्रशिक्षण सत्र में डॉ. व्यास नारायण मिश्रा, बृजेश कुमार नामदेव, सुनील गौतम एवं राजेश पटेल ने प्रशिक्षण अधिकारियों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उन्होंने डेटा संकलन की प्रक्रिया, प्रपत्रों के उपयोग, डिजिटल प्रणाली के संचालन तथा फील्ड में आने वाली समस्याओं के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षणार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही.

# कृषकों का सम्मान कर गेहूं उपार्जन केंद्र महसांव का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 18 अप्रैल, रीवा जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल महसांव में सेवा सहकारी समिति महसांव क्रमांक 1 में गेहूं उपार्जन खरीदी केंद्र का विधिवत एवं गरिमामय शुभारंभ संपन्न हुआ.**



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा उपार्जन प्रभारी विश्वंभरनाथ पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विश्वजीत चौरसिया एवं उपार्जन मंडल प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि, जिला सह संयोजक (सोशल मीडिया) आकाश चौरसिया द्वारा की गई.

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं कृषक भाई-बहनों ने आयोजन को सफल बनाया. कार्यक्रम के दौरान कृषकों का माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया. अन्न पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गेहूं खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया,

जिससे पूरे वातावरण में श्रद्धा एवं उत्साह का संचार हुआ. इसके पश्चात किसानों का मुंह मीठा कराते हुए समिति प्रबंधक संतोष चौरसिया द्वारा गेहूं की तौल प्रारंभ कराई गई. इस अवसर पर उपार्जन केंद्र प्रभारी रामानुज चौरसिया, सह प्रभारी रामभजन साकेत, अंजनी मिश्रा, डिगन लाल चौरसिया, जगदीश कुशवाहा दिवाकर पाण्डेय, रामवरण चौरसिया, मीडिया प्रभारी सर्वेंद्र पटेल, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, रितेश सिंह, सुनील सेन, आदर्श मिश्रा, विराग चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया, हेतलाल पटेल, गेंदालाल चौरसिया उपस्थित रहे.

# जिला जनगणना अधिकारी ने स्व .गणना के लिए किया प्रेरित



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 अप्रैल। जिला जनगणना अधिकारी संजीव पाण्डेय ने उत्कृष्ट विद्यालय एवं अग्रणी महावि. में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया।**

उन्होंने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने का अभियान भी तेज किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़कर सटीक आंकड़ों के संकलन में अपनी भूमिका निभा सकें।

# मेढ़, महुली-खाड़ी जंगल में आग से हजारों पौधे राख

## चार दिन बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे अधिकारी-कर्मचारी, लापरवाही या साजिश ,वन विकास निगम की कार्यशैली पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 अप्रैल। जिले के जियावन रेंज अंतर्गत मेढ़ और महुल- खाड़ी के जंगलों में लगी आग ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

जानकारी के अनुसार वन विकास निगम द्वारा यहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया था, लेकिन आग लगने के चार दिन बाद भी मौके पर न तो कोई अधिकारी पहुंचा और न ही कर्मचारी नजर आए। इस दौरान आग लगातार जंगल में फैलती रही और हजारों पौधे जलकर राख हो गए। स्थानीय सूत्रों का कहना है



कि यह आग कहीं भ्रष्टाचार छुपाने की कोशिश तो नहीं है। आरोप है कि जिन क्षेत्रों में कागजों पर वृक्षारोपण दिखाया गया, वहां वास्तविक स्थिति सामने न आए, इसलिए आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति ने संदेह को और गहरा कर दिया है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने बताया कि आग बुझाने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए, जिससे नुकसान और बढ़ गया। मामले की जानकारी कलेक्टर तक पहुंचाई गई है और उनसे तत्काल जांच व कार्रवाई की मांग की गई है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर वन विभाग और वन विकास निगम की जिम्मेदारी तय कब होगी और इस नुकसान का जवाब कौन देगा।

# शिक्षा विचारों को दिशा देती है : सम्पतिया

## जिले की प्रभारी ने प्रदेश एवं जिले में टॉप 10 सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियो को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 अप्रैल। जिले के प्रवास पर आई सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके ने सूर्या भवन में आयोजित समारोह में हाई स्कूल कक्षा 10वीं एवं हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं परीक्षा वर्ष 2026 में प्रदेश एवं जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।**

जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके एवं राज्यमंत्री राधा सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को पुष्पमाला, मोमेंटो स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समारोह में हाई स्कूल



कक्षा 10वीं के अंतर्गत शाउवि बैढ़न के विद्यार्थी खुशी कुशवाहा प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान, दीप्ति पाण्डेय प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में 7वां स्थान एवं प्रमोद कुमार शाह को सम्मानित किया गया। वहीं शा. मॉडल उमावि सिंगरौली के विश्वजीत वर्मा जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान एवं अंगद कुमार बैस, तथा सरस्वती उमावि बैढ़न के नीतिश प्रजापति एवं अंशुमन बैस शामिल रहे। इसी प्रकार हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न के विद्यार्थी नगवा परवीन, शिवम कुमार शर्मा एवं निकिता शाह सहित अन्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने प्रेरक उद्बोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण की पहली सीढ़ी है। यह हमारे विचारों को दिशा देती है और हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज का समय डिजिटल और तकनीकी विकास का है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे नई तकनीकों, नवाचार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में स्वयं को निरंतर अद्यतन रखें, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें।इसी अवसर पर राज्यमंत्री राधा सिंह ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए संबोधित किया। इस अवसर पर सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, ननि देवेश पाण्डेय, कलेक्टर गौरव बैनल, जिपं सीईओ जगदीश गोमे, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, पूर्व विधायक राम लल्लू बैस सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।